तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 डीओ कटा फिर भी उठाव ठप, केंद्रों में धान खरीदी...





14 नेशनल लोक अदालत पर विधिक साक्षरता ...





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

मास्टर कूपन 17 दिसंबर 2023

कूपन नं. 8


## कार्रवाई : पखांजूर पुलिस एवं बीएसएफ ने की त्वरित कार्रवाई, कई अहम जानकारी मिली

# ब्लास्ट में शामिल चार जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार, पुलिस की कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

परतापुर ईलाके में हुई आईईडी ब्लास्ट के एक दिन पहले आईईडी लगाने वाले जनमिलिशया सदस्यों ने नक्सलियों के साथ बैठक करके रात को आईईडी लगाया, जिसमें बीएसएफ का एक जवान शहीद हुआ। पखांजुर पुलिस ने इस घटना में शामिल 4 जनमिलिशिया सदस्य को गिरफ्तार करने में सफल रहे। पुलिस को इन जनमिलिशिया सदस्यों से कई अहम जानकारी मिलने की बात सामने आ रही है।

- पुलिस को इस मामले में लिप्त अन्य मददगारों की तलाश
- परतापुर-सड़कटोला ब्लास्ट में एक जवान शहीद हुआ

परतापुर थाना से 14 दिसंबर को बीएसएफ की पार्टी आरएसओ ड्यूटी के लिए महला की ओर निकली थी, जिस पर नक्सलियों के द्वारा परतापुर सड़कटोला के पास पूर्व से घात लगाकर आईईडी ब्लास्ट किए, जिससे बीएसएफ के प्रधान आरक्षक अखिलेश कुमार राय निवासी गाजीपुर उत्तर प्रदेश को गंभीर चोटे आई जो ईलाज के दौरान शहीद हो गए। घटना के संबंध में नक्सलियों के खिलाफ थाना परतापुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जिले की पुलिस को जानकारी मिली कि इस मामले में संलिप्त जनमिलिशया के नाम सामने आएं। पखांजुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन, एएसपी पखांजूर प्रशांत शुक्ला के पर्यवेक्षण में, एसडीओपी पखांजूर रवि कुजूर के नेतृत्व में, बीएसएफ परतापुर के असिस्टेंट कमाण्डेट जगमल सिंह खींची, थाना प्रभारी पखांजूर, थाना प्रभारी परतापुर व बस्तर फाईटर परतापुर की सयुंक्त कार्यवाही में 14 दिसंबर को परतापुर सड़कटोला में हुए आईईडी ब्लास्ट में शामिल साक्रिय नक्सली जन मिलिशिया सदस्य मुकुंद नरवास पिता सदाराम उम्र 45 वर्ष, जग्गू राम आंचला पिता मनीराम आंचला उम्र 45 वर्ष, अर्जुन पोटाई पिता रैजू राम पोटाई उम्र 26 वर्ष और दशरथ दुग्गा पिता गस्सु राम उम्र 35 वर्ष सभी निवासी परतापुर को अभिरक्षा में लेकर अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध कारित करना कबूल करने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से चारों आरोपियों को जेल भेजा गया।





### घटना के 48 घंटे में मिले सुराग, हुई कार्रवाई

परतापुर ईलाके में आईईडी ब्लास्ट की हुई घटना के बाद इस ईलाके के सभी थानेदार और एसडीओपी पखांजुर रवि कुजूर ने अपने सूत्रों से इस घटना में शामिल और संलिप्त की तलाश शुरू किया और 48 घंटे के अंदर नक्सलियों के लिए काम करने वा ले 4 जनमिलिशिया के नाम सामने आएं। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में चारों जनमिलीशिया सदस्यों को घटना के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में कामयाब रहे।

### घटना के एक दिन पहले लगाई थी आईईडी

परतापुर से दबोचे गए जनमिलिशिया सदस्यों को लेकर यह बात सामने आ रही है कि मुकुंद नरवास नक्सलियों के लिए लेवी वसूली का काम करता है। अर्जुन की बुआ नक्सली है, जिससे उसका संवाद होता रहता है। जग्गूराम और दशरथ दुग्गा भी नक्सलियों के लिए सामग्री व अन्य सामान सप्लाई करने में मदद करते रहते है। घटना के एक दिन पहले इन चारों की मदद से नक्सलियों ने आईईडी लगाया था, जिसमें एक जवान शहीद हुआ है। पुलिस की मानें तो उक्त जनमिलीशिया सदस्यों ने घटना में शामिल होना कबूल किया है।

### और भी हो सकती है गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि परतापुर ईलाके की आईईडी की घटना में संलिप्त चार जनमिलीशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में चारों जनमिलीशिया सदस्यों से कई अहम जानकारी मिली है, इसके अनुसार अन्य भी गिरफ्तारियाँ हो सकती है। दबोचे गए जनमिलीशिया सदस्यों की अन्य गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की रायपुर में मौत

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत घोटूल बेड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाईक चालक को गंभीर चोट आने की वजह से ईलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में 11 मार्च को सुबह साढ़े 7 बजें उसका मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम गेगरीपारा किनारी निवासी 33 वर्षीय रतुलाल उईके पिता रामसिंह मोटर सायकल से फिसल कर गिर गया था, जिससे उसे गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रायपुर थाना में शून्य में मर्ग कायम कर मर्ग डायरी ताड़ोकी थाना में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### सर्पदंश पीड़ित महिला की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर निवासी 59 वर्षीय शांति कौशिक पति श्याम सुंदर को सांप ने काट लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गया। नरहरपुर वार्ड क्रमांक 5 निवासी धनेश कौशिक पिता निर्मल ने पुलिस को बताया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर ले जाने पर वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बुर्जुग की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सहाकट्टा के पास 15 दिसंबर को ट्रैक्टर की चपेट में आने आमापारा आसूलखार निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मीनाथ पिता स्व. कदरू जाड़े का मौत हो गया। सहाकट्टा निवासी राधेश्याम पिता रतिराम ने पुलिस को बताया कि सहाकट्टा के पास 15 दिसंबर को दोपहर 1 बजें मृतक को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए चपेट में ले लिया। बुर्जुग को गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## ग्राम कोड़ेजुंगा में भालू का आतंक, घर में घुसा, परिजनों ने दहशत में गुजारी रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कांकेर के ग्राम कोड़ेजुंगा में भालू सोनवानी परिवार के घर में घुस गया। भालू के घुसने से पूरे परिवार ने डर के साए में रात गुजारी। गांव में भालू घरों का दरवाजा तोड़कर घुस रहा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही भालू सड़क की गलियों में पहाड़ से उतर आते हैं। पहाड़ी में भालू को भोजन नहीं मिलने से बस्तियों में भोजन की तलाश में पहुंच रहे हैं।

- रोज शाम ढलते ही भालू पहाड़ियों ने उतरकर सड़क और गलियों में नजर आते है

कांकेर जिला मुख्यालय से चार किमी दूर ग्राम कोड़ेजुंगा में 15 दिसंबर की रात 11 बजे अनुसूईया सोनवानी के घर बाऊंड्रीवाल पारकर टिन का दरवाजा को तोड़कर भालू अंदर घुस गया था। किचन में पहुंच भालू ने डिब्बे में रखा तेल पी लिया, दो पैकेट गुड़ खा गया और शक्कर खा गया। बोतल में भरा शहद भी पी गया, इसके बाद बाड़ी में घूमता रहा। परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे तथा अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था।

पहले तो परिजनों ने सोचा भालू खा पीकर लौट जाएगा, लेकिन भालू पूरी रात तक हंगामा करता रहा। भालू के घर में घुसने से परिवार ने डर के साए में रात गुजारी, रातभर सोनवानी परिवार सो नहीं पाया।

भालू ने दूसरे कमरे का दरवाजा भी तोड़ने प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। परिवार के लोगों ने रात में ही वन विभाग कर्मचारी को फोन किया लेकिन मोबाईल नहीं उठाया वहीं 16 दिसंबर की सुबह 5 बजकर 45 बजे फोन वन विभाग के अमले ने उठाया।

वन रक्षक चेतन पवार मौके पर सबसे पहले पहुंचे, जिसकी आहट से भालू बाऊंड्रीवाल कूदकर भाग गया। इसके बाद डिप्टी रेंजर दीनदयाल निषाद, परिसर रक्षक चंद्रमोहन त्रेता, वनपाल विमल ठाकुर पहुंचे, जिन्होने भालू पर नजर रखी और बस्ती से बाहर जाने दिया।






## केंद्र की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के एनआरएलएम योजना के तहत गठित संकुल संगठन के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में महिला पदाधिकारयो द्वारा जिले के 10664 समूहों से जुडे 111784 महिलाओं को लाभान्वित किए और छूटे परिवार को योजनाओं के लाभ लिए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तर्ज अब तक लाभान्वित महिला समूह की महिलाए अपने सफलता की कहानी का वाचन करेंगी, साथ ही धरती कहे ▶▶| शेष पेज 12 पर





### संजयनगर में विधायक आशाराम नेताम का किया स्वागत

## विधायक ने शहरवासियों से किया संवाद और समस्याओं की ली जानकारी माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विधानसभा कांकेर के विधायक जीत हासिल करने के बाद कभी ग्रामीण ईलाके में, कभी शहर में भ्रमण करते हुए आमजनता के बीच पहुँच रहे है और शहर व ग्रामीण क्षेत्र में किस तरह की समस्याएं है, उनको जुटाने में लगे है। विधायक का कहना है कि जीत के बाद प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग करने वालों को आभार मानते हुए उनसे रूबरू होने का मौका मिल रहा, साथ ही समस्याओं की जानकारी भी मिल रही है।

- भाजपा की जीत के लिए मतदाताओं का माना आभार



नव निर्वाचित विधायक आशाराम नेताम चुनाव के बाद पहली बार कांकेर शहर के संजय नगर वार्ड में पहुंचे। विधायक को अपने बीच पाकर कार्यकर्ता वार्डवासियों ने उनका स्वागत किया, इसके साथ ही वार्ड की समस्यों से अवगत कराया।

विधायक ने भी आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा। विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अब तक विधानसभा चुनाव में भाजपा को संजय नगर से अपेक्षाकृत वोट नहीं मिलते थे, लेकिन इस चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत ने भाजपा को कांग्रेस के बराबर में लाकर खड़ा कर दिया। इसके लिए विधायक आशा राम नेताम ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

विधायक ने कहा कि इसी तरह का प्यार आप लोगों का आगे मिलता रहेगा और मैं आप लोगों से सदैव मिलते रहूँगा। संजय नगर वार्ड की जो समस्याएं होंगी, उनका अवश्य निराकरण किया जाएगा। इस वार्ड के किसी भी सदस्य को कभी भी किसी भी प्रकार की दिक्कत आएं, मुझे जरूर ▶▶| शेष पेज 12 पर


हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### मरेलिया की रोकथाम के लिए निकाली जागरूकता रैली



**कांकेर।** जिला में मलेरिया उन्मूलन के तहत मरेलिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। पिरामल फाऊंडेशन ने ग्राम पंचायत पीढ़ापाल और ग्राम पंचायत कोचवाही में रैली निकालकर लोगो को मरेलिया के बारे में जानकारी दिया। साथ ही छग को मरेलिया मुक्त करने के नारे लगाए गए। इस दौरान पीढ़ापाल के स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### कानीडबरी में दो जनवरी को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कानीडबरी में ग्रामवासियों के सहयोग से दो जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए निपानी टिपानी का नाचा प्रोग्राम रखा गया है।

### उमरगांव में मड़ई मेला 24 को

**नगरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से उमरगांव छिन्दीटोला में 24 दिसम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मोर मयारु बेटा नाचा पार्टी भाठागांव गुंडरदेही की प्रस्तुति होगी।

### बोदाछापर में गायत्री महायज्ञ 23 से

**पुरी।** ग्राम बोदाछापर में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 से 26 दिसम्बर तक किया गया है। महायज्ञ शांतिकुंज प्रज्ञा पुत्रों द्वारा संपन्न होगा। यह जानकारी मिलन सिंह मरकाम ने दी है।

### गर्ल्स कॉलेज में आंतरिक मूल्यांकन 19 से

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में बीए, बीकॉम, बीएससी भाग-1, 2, 3 की नियमित छात्राओं के लिए 19 दिसम्बर से आंतरिक मूल्यांकन प्रारंभ हो रहा है। छात्राओं को इस परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। इसके अंक विश्वविद्यालय रायपुर को प्रेषित किये जाएंगे जिसे छात्राओं की वार्षिक अंकसूची में जोड़ा जाएगा।

### मड़ेली में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 18 से

**जीजामगांव।** गुरु घासीदास की 267 वीं जयंती पर ग्राम मड़ेली में सतनाम धर्म जागरूक सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता 18 से 20 दिसम्बर तक की गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 3501, तृतीय 2501 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001 रूपये दिया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ मीनार, सर्वश्रेष्ठ गायन, वादन, अनुशासन, सर्वश्रेष्ठ नृत्य, वेशभूषा, झांकी पर विशेष पुरस्कार 301 रूपये दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में लालसिग चंदेल अध्यक्ष, नेहरूराम लहरे उपाध्यक्ष, शंकर जांगड़े कोषाध्यक्ष, देवचरण कुर्रे सचिव, डोमनलाल बघेल सहसचिव, देवराम लहरे, भंडारी सहित सदस्यगण जुटे हुए हैं।

## पेज 11 के शेष...

### केंद्र की योजनाओं ...

पुकार के तर्ज पर जैविक कृषि को बढ़ावा दिए जाने व उसके लाभ पर नाट्य के रूप में प्रदर्शित करेंगी। यात्रा के दौरान ऐसे परिवार जो केंद्र संचालित योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए है, उनका पंजीयन कर लाभान्वित किया जाएगा।

### विधायक ने शहरवासियों...

बताएं, उसे मिलजुलकर हल करेंगे। इस दौरान सलीम मेमन, प्यारी साहू, मीना साहू, चंचल सोनी, शशि चौहान, नवाज़ अली, सैलेंद्र जैन, मिंटू जैन, सजीद खान, सैय्यद वकील, फरीदा, शंकर रजक, मीतला, लता यादव, राबिया मेमन, मीनू सारथी रेशम सारथी, नंदनी, रुपेश यादव, नीलकंठ पटेल, गौसिया फातिमा, निकहत फतिमा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम : वर्चुअल कार्यक्रम मुख्यमंत्री साय ने किया संवाद**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के वीसी में विधायक और कलेक्टर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 दिसंबर को केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी रायपुर से वर्चुअली माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों से जुड़कर यात्रा के संबंध में संवाद किया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल भी शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों में शुभारंभ के साथ ही जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो गया है, जो कि 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। इस यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आईईसी मोबाइल वैन गांव-गांव तक पहुंचेगी। इसके जरिए प्रधानमंत्री का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक फसलें आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टालों में व्यवस्था रहेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जनऔषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियां आदि शामिल रहेंगी। विदित हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित सभी प्रकार की गतिविधियों की भारत सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सतत मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी।

# भंडारडिगी में सात दिवसीय एनएसएन का विशेष शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंडल अंतर्गत कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत नशा उन्मूलन के लिए युवा थीम पर 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भंडारडिगी में प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत भंडारडिगी के सरपंच धनेश नरेटी, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डीएल बढ़ाई, कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी, पंच, ग्राम गायता एवं पटेल द्वारा मां सरस्वती, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद व छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना झंडा का ध्वजारोहण ग्राम पंचायत भंडारडिगी के सरपंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा समस्त ग्रामवासी व शिविरार्थियों के सामने 7 दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या प्रस्तुत किया गया जो ग्रामीण विकास के लिए नशा उन्मूलन, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई एवं स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, कैरियर मार्गदर्शन व शिक्षा आदि से संबंधित जन जागरूकता एवं जनसंख्या सर्वेक्षण का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी केएल मंडावी, रेडक्रॉस प्रभारी डीएस कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, नीलम नाग, सुमित्रा मंडावी समस्त शिविरार्थी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लोहत्तर में 3 दिनी राज्य मानस गान स्पर्धा 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

बस्तर के अंतिम छोर में स्थित सोनादाई माँ के गोदी में बसे पावन मानस ग्राम लोहत्तर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसम्बर से आयोजित एवं 24 दिसंबर को समापन होगा। समापन दिवस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

लोहत्तर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता में क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यार्थी जो 2022.23 में कक्षा 10वीं, 12वीं में अच्छे अंक लाने वाले तीन-तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों, नवोदय एवं एक्लव्य में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मानस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के ख्याति प्राप्त मानस मण्डलीयां अपनी प्रस्तुति देंगी। जिसमें प्रथम दिवस जय माँ सोनादाई मानस परिवार ग्राम लोहत्तर, स्वरांजलि मानस परिवार भैसाकट्टा, राम नाम के दीप मानस परिवार चिददो राजनांदगाव, बस्तरिया मानस परिवार कोदागांव, सच्चिदानंद दीप ज्योति बालिका मानस परिवार गारका, गोपेश्वर बालसखा मानस परिवार बिहासर, जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार हरदीछुरा मंचस्थ होंगी। द्वितीय दिवस जय माँ सोनादाई मानस मण्डली लोहत्तर, समर्पण महिला मानस परिवार रसनी धरमपुरा रायपुर, माधुर्य मानस प्रचार प्रसार समिति बड़ेटेमरी, सत्संग मानस परिवार गोजी, खुशबू मानस परिवार खुर्रीपारा कोमाखान, श्रद्धा सुमन मानस परिवार पचपेड़ी, शारदा मानस परिवार भरदागोंड मंचस्थ होंगी। तृतीय दिवस जय मां सोनादाई मानस परिवार लोहत्तर, अंजलि मानस परिवार ऋषिग्राम सिर्री, बरखा मानस परिवार बागोडार, मुरली मनोहर मानस परिवार चिंगरौद, जय गुरुदेव संकीर्तन मंडली फिंगेश्वर महासमुंद, मंगल माधुर्य बालिका मानस परिवार गुरामी डौडीलोहरा, श्री राम मानस परिवार पिपरहट्टा ओनवाछुरा की प्रख्यात मानस मण्डलीयां प्रस्तुति देंगी, जिसकी तैयारी में आयोजन समिति जय शीतला जन जागृति सेवा समिति के सदस्य जुटे हुए है।

# हाईवा ने बाइक को ठोका, सवार की चक्के में दबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कच्चे चौकी के फारेस्ट नाका के पास तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक में सवार दो लोगो को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था, जिससे एक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

पुलिस की विवेचना में पाया गया कि 10 नवंबर को मृतक साल्हे निवासी 52 वर्षीय दिलीप धनकर पिता स्व. लखन लाल अपने परिचित ग्राम खुटगांव निवासी अशवंत दुग्गा के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 1064 से समान खरीदने ग्राम साल्हे से गुण्डरदेही जा रहे थे। मोटर सायकल अशवंत दुग्गा चला रहा था, मृतक दिलीप धनकर पीछे बैठा था। ग्राम कच्चे के फारेस्ट नाका के पास सुबह साढ़े 8 बजें पीछे से आ रही हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएस 7689 का चालक मध्यप्रदेश के बालघाट जिला के बोरीखेड़ा निवासी 35 वर्षीय चैनलाल कुमरे पिता धनराज कुमरे जो हाल कच्चे चौकी के भैंसाकन्हार निवासी ने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उक्त बाईक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चालक अशवंत दुग्गा रोड के बाएं ओर गिर गया तथा पीछे बैठा मृतक दिलीप धनकर हाईवा ट्रक के पीछे चक्का के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए एम्बुलेंस से डौण्डी के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित किया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सरोना में हुई गोवर्धन पूजा एवं अहीर शौर्य का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

यादव समाज द्वारा सरोना में परिक्षेत्र स्तरीय गोवर्धन पूजा व अहिर शौर्य प्रदर्शन महोत्सव का आयोजन हाईस्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यादव सदन में भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ किया। इसके बाद समाज की महिलाओं व युवतियों द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस दौरान राउत नर्तक दल कला का प्रदर्शन करते चल रहे थे।

हाईस्कूल मैदान में गोर्वधन पूजा अर्चना कर गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बच्चों को पढ़ा लिखा कर देश सेवा में भी बढ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने नशा से दूर रहने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरहरपुर ब्लॉक यादव समाज अध्यक्ष रुकदेव यादव ने किया। विशेष अतिथि शंकर ध्रुवा, सुदामा यादव, तारा ठाकुर, संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, कमलेश यादव, सालों शोरी, अमीरा नेताम, सूरज कोराम, कैशतीन शोरी, पुष्कर साहू, अजय हिरवानी, यशवंत सुरोजिया, टेकेशवर सिन्हा, मोहन नेताम थे।

इस मौके पर संतोष यादव, संदीप यादव, छेदी यादव, अजय यादव, बलदेव यादव, जोहन गोपी यादव, जमुना यादव, खिलावन यादव, पिंकी यादव, सुनीता यादव, कपिल यादव, बिशाउ यादव, हेमंत यादव, नरेश यादव, सालिक राम यादव, गंगा राम यादव, रामजी यादव आदि उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदीप का हुआ सम्मान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वनांचल पहाड़ी क्षेत्र में स्थित सर्किल क्रमांक 10 के सुपरवाइजर को विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर 80 में उत्कृष्ट कार्य के लिए मतदान के उपरांत जिला प्रशासन ने सम्मानित किया गया।

पिछले विधानसभा निर्वाचन की अपेक्षा इस वर्ष सर्किल क्रमांक 10 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि कराने एवं लगातार वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान, रैली, मानव श्रृंखला, घर घर पहुंच मतदान करने जागरूकता लाने सर्किल 10 के सुपरवाइजर प्रदीप कुमार सेन व्याख्याता शाउमावि तरान्दुल महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। सुपरवाइजर के रूप में उत्कृष्ट कार्य एवं दायित्व निर्वहन के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रदीप कुमार सेन को बेस्ट सुपरवाइजर के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुमित अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# बादल के आयुष मेले में 712 ने कराया उपचार



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बादल में जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में द्वितीय ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच भगवान सिंह जुर्री, कृष्ण कुमार पडोटी, हलाल राम नेताम, अर्जुन सिंह मरकाम, डॉ. एसएस ध्रुव के आतिथ्य में हुआ।

शिविर प्रभारी डॉ. एलके सार्वा ने बताया शिविर में महिला 325, पुरूष 222, बालक 57, बालिका 110, काढ़ा वितरण 498, नेत्र परीक्षण 77 रक्त जांच 407, होम्योपैथी से 202 व आयुर्वेद से 512 कुल 712 रोगी का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. दिनेश साहू, डॉ. लेखराम साहू, डॉ. शिरीष दीवान, डॉ. होरी सिंह विनोद, डॉ. तेजकांत सोनकर, डॉ. कांता नेताम, फार्मासिस्ट हरिचंद कोमरा, मीना सोनवाने, विमल बरेठ, गणेश साहू, अभिजीत भक्त, वंशकीर्ति मिंज, अमिता चौरे, चंद्रकला नरेटी, सोमसिंह कुंजाम, योगेंद्र रामटेके, रविंद्र नाग, संजय जैन, सत्यजीत साहू, देवेंद्र भास्कर ने सेवाएं दी।

### कन्हारपुरी में 3 दिनी क्रिकेट स्पर्धा 21 से

**धनेलीकन्हार।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम कन्हारपुरी में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर को हाईस्कूल खेल मैदान में आयोजित होगा एवं प्रतियोगिता का समापन 24 दिसम्बर को होगा। विकासखंड कांकेर के ग्राम कन्हारपुरी में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर रात्री में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत कुमार ध्रुव व अकबर कोर्राम रहेगें। कार्यक्रम में अध्यक्षता ग्राम के सरपंच शिव कुमारी पोटाई, उपसरपंच विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जिला पंचायत कृषि सभापति नरोत्तम पडोटी, जनपद सदस्य मालती धुमरा रहेगें। कार्यक्रम में एकल नृत्य व सामुहिक नृत्य के विजेता प्रतिभागियों के लिए पुरुष्कार रखा गया है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्रामवासियों ने आयोजन समिति का गठन किया है, जिसके अध्यक्ष योगेन्द्र रावटे, उपाध्यक्ष दीपक रावटे, सचिव चोमन भोयर, उमेश पोटाई, कोषाध्यक्ष आदित्य शोरी, नरेन्द्र नुरेटी, सहसचिव नोकेश भोयर, बलदेव केमरो, सलाहकार हरपाल पोटाई, मोतीराम नायक, उजियार केमरो, बरादु ध्रुवा को बनाया गया है।

# चिरायु योजना के तहत बच्चे का सफल के साथ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित चिरायु योजना के माध्यम से जिले के कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं। चिरायु योजना राज्य के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी तरह विकासखंड चारामा के ग्राम खरथा निवासी कोमल यादव की पुत्री ओजल यादव का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में हुआ था।

वह जन्मजात विकृति से ग्रसित थी, जिसकी पहचान कटे-फटे होंठ एवं तालु के रूप में की गई, जिस कारण से बच्ची को दूध पीने एवं अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। फिर उसे चिरायु टीम द्वारा जाँच कर पूर्ण परीक्षण के बाद रायपुर के श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में उसका कटे होंठ का सफल ऑपरेशन करवाया गया। इसके बाद चिरायु टीम द्वारा ऑपरेशन के पश्चात बच्ची का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है। वर्तमान में बच्ची के द्वारा आहार लेने की प्रक्रिया सामान्य रूप से पाई गई है और सामान्य बच्चों की तरह उसकी मुस्कान वापस लौट आई है। यह देखकर के उसके माता पिता भी खुशी से झुम उठे। इस दौरान कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका शुक्ला, एडीएमओ अविनाश खरे, एबीएमओ डॉ लखन जुर्री एवं चिरायु टीम के उपासना खरे, डॉ. विनोद पटेल, एजया वर्मा एवं खुशबु साहू उपस्थित रहे।

# शराब परोसने के आरोप में ग्रामीण महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोतवाली थानांतर्गत सिंगारभाट में 15 दिसंबर की शाम 5 बजें पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी डुमरपारा सिंगारभाट निवासी 48 वर्षीय मीना नेताम पति स्व. भाउराम को लोगों को पीने के लिए शराब की व्यवस्था करते हुए पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महिला द्वारा सिंगारभाट चौक के पास सार्वजनिक स्थान में लोगो को शराब पिलाने की व्यवस्था करने की जानकारी मुखबीर से मिला था। मुखबिर से मिली जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर ईलाके की घेराबंदी किया। पुलिस की टीम को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले व शराब पीने के लिए व्यवस्था देने वाली आरोपी महिला मीना नेताम को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियां के कब्जे से दो नग डिस्पोजल ग्लास जिसमें शराब का गंध आ रहा था व मिक्चर पैकेट को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## किसान के आत्महत्या की जिम्मेदार भाजपा : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विधानसभा बस्तर के वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल ने मीडिया में चर्चा कर मृतक किसान के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की। भाजपा की सरकार बने 10 दिन भी पूरा नहीं हुए और नारायणपुर जिले के ग्राम कुकड़ाझोर के किसान हीरु बढ़ाई ने अपने ही खेत में कीटनाशक का सेवन कर जिस तरह आत्महत्या की है, उसकी जिम्मेदार भाजपा है। क्योंकि अपनी चुनावी वादे में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने किसानों की कर्ज माफी की बातें कर पाम्पलेट बांटे थे एवं इनके नेता अपने भाषण में स्पष्ट रुप से कर्ज माफी की वादे करते हुए दिख रहे थे, जिसके कई वीडियो भी प्रमाण के रूप में उपलब्ध है, क्या वह सारे वादे झूठे हैं?

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी पहली कैबिनेट में ही प्रदेश के 18.82 लाख किसानों के 9,270 करोड़ रुपए के कृषि ऋण माफ कर दिए थे। वहीं एक ओर वर्तमान स्थिति में भाजपा सिर्फ और सिर्फ सत्ता की प्राप्ति के लिए कर्ज माफी जैसे बातों को लेकर सत्ता में आसीन हुई है, लेकिन पुनः इस दुखद घटना के माध्यम से देखा जाए, तो भाजपा का किसान विरोधी चेहरा सामने आता है। कांग्रेस हमेशा से किसानों के साथ खड़ी थी और खड़ी रहेगी एवं उनका हक दिलाने के लिए बड़ी लड़ाई भी लड़नी पड़ी तो पीछे नहीं हटेगी।

### केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को विधायक अटामी ने दिखाई हरी

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा

केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश सहित दंतेवाड़ा जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी एवं उनसे चर्चा करने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित भी करवायेगी। इस क्रम में शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीन रथों को रूट एवं वाहन प्रभारी के साथ निर्धारित अलग-अलग ब्लॉक में विधायक चैतराम अटामी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## कक्षा में प्रथम व यूनिवर्सिटी में तृतीय स्थान पर रही दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में मंगलवार की शाम को प्रथम वर्ष एमएससी नर्सिंग की परिणाम घोषित हुई, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा बंजारे ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया और यूनिवर्सिटी में तृतीय स्थान बनाया। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्या श्रीमती स्वर्णलता पीटर ने छात्रा को बुलाकर सम्मानित किया। महाविद्यालय की स्कालरशिप शाखा की प्रभारी अध्यापिका श्रीमती अंजु बोदलकर ने बताया कि दीक्षा ना सिर्फपढ़ाई में अपितु महाविद्यालय के अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहती है, इसके लिए छात्रा को स्कालरशिप प्रदान की गई।

### 18 को शुष्क दिवस

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर विनीत नंदनवार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय अनुज्ञापन एवं व्यवस्थापन नियम 2018 ( यथा संशोधित) के तहत गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को सम्पूर्ण जिले में मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत 18 दिसंबर को जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2 (घ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घ) तथा एफएल 7 (घ) सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बन्द रहेगी और उक्त अवधि में मदिरा विक्रय, परोसना और परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## नींव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम बच्चों के सीखने में मददगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड बस्तर के बीआरसीसी कार्यालय में आज एफएलएन के अंतर्गत संचालित नींव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। जिसमें एफएलएन के उद्देश्य को लेकर और बच्चों की सीखने सीखाने की आगामी रणनीति, कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बीईओ अरुण देवांगन समेत अन्य अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में भौगोलिक भिन्नता के साथ यहां की भाषायी भिन्नता भी है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाओं की भिन्नता है, कही गोंडी, धुरवी, हल्बी, तो कही पर एक ही जगह पर रहने वाले समुदाय की अलग अलग बोली एवं भाषाएं है। ऐसे में यहा बहुभाषी शिक्षा बच्चों के सीखने में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने बहुभाषी शिक्षा में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन संस्था के सभी कर्मचारियों की प्रशंसा की। साथ ही बस्तर ब्लॉक के सोरगांव क्षेत्र के सीएसी डमरू दास पंथ ने चर्चा के बिन्दुओं का विश्लेषण के साथ बहुभाषी शिक्षा पर प्रकाश डाला। इस बैठक में बस्तर ब्लॉक के संकुल अकादमिक समन्वयक, डीआरजी शिक्षक, बीआरसी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तथा ब्लॉक बस्तर की एलएलएफ पुरे टीम की उपस्थिति रही।

## संयुक्त संचालक ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग संजीव श्रीवास्तव द्वारा बीजापुर जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्यों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित किया गया। बैठक में संयुक्त संचालक ने शिक्षा की गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, शाला अनुदान राशि का उपयोग पीएमएफएस से आहरण, सेवा पुस्तिका, दाखिल खारिज पंजी, केशबुक संधारण तथा अन्य शालेय पंजियों का संधारण, पाठ्यक्रम विभाजन अनुसार अध्यापन, शालाओं का निरीक्षण, छात्रवृत्ति योजना आवेदन स्थिति, शिक्षक डायरी संधारण, स्वामी आत्मानंद स्कूल में पदस्थापना एवं शैक्षणिक स्थिति एवं अन्य एजेंडे पर विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने प्राचार्यों से कहा शालेय गतिविधियों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। सभी ईमानदारी के साथ शिक्षा की गुणवत्ता सुधार करने का प्रयत्न करें। इस बैठक में जेडी कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, डीएमसी विजेंद्र राठौर, एपीसी जाकिर खान एवं श्रीनिवास एटला समस्त बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी के दृष्टिकोण से भाजपा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भाजपा कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पोलिंग बूथों की जानकारी व विकसित भारत संकल्प शिविर के विषय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में दंतेवाड़ा विधानसभा के विधायक चैतराम अटामी भी उपस्थित रहे। विधायक चैतराम अटामी के विधायक बनने के पश्चात दंतेवाड़ा भाजपा संगठन द्वारा आयोजित ये प्रथम बैठक थी।

जिसमें भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अटामी ने कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से हमने दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी वर्ष के 365 दिन चलने वाली पार्टी है, अन्य राजनीतिक दलों की तरह सिर्फ चुनाव के दौरान कार्य करने वाली पार्टी नहीं है, एक चुनाव के संपन्न होते ही हमारा संगठन दूसरे चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओं के माध्यम से जुट जाता है, लगातार जनहित में जनता की आवाज बन कर पार्टी के कार्यकर्ता संगठन के निर्देशानुसार जुट जाते है। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से आज ये आयोजित महत्वपूर्ण बैठक है। संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कार्यक्रम तय किये गये है जिसे पूरा कर हमें विश्व के लोकप्रिय और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से 2024 में और अधिक सीटों से जीताकर देश का प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान ने किया और आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष सुनीता भास्कर ने किया।

इस कार्यक्रम में नन्दलाल मुडामी, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा, पिंटू उइके, सत्यनारायण महापात्र, उर्मिला तामो, जसवीर नेगी, मुन्ना मरकाम, पायल गुप्ता, रामू नेताम, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, राहुल असरानी, ममता गुप्ता, कुणाल ठाकुर, महावीर महेश्वरी, जयदयाल नागेश, सोमड़ू कोर्राम, राजेश बोरबन, उरदो ठाकुर, विनोद साहू, मोहन ठाकुर, निखिल नाग, कमल ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री साव से मिले भाजयुमो महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

उपमुख्यमंत्री बनने पर अरुण साव से मिलने भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री राघवेंद्र सिंह गौतम पहुंचे। गौतम ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले से एवं कुआकोंडा मंडल से बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। अब छत्तीसगढ़ में दुगनी रफ्तार से डबल इंजन की सरकार चलेगी, डबल इंजन की सरकार का लाभ दंतेवाड़ा जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ को मिलेगा।

## दिव्यांग बच्चों ने खेल में दिखाई प्रतिभा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आज जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा के खेल मैदान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेल आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के समस्त विकास खंडों के 500 दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

खेल आयोजन पूर्व माता दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित की गई, इसके उपरांत खेल प्रारंभ किया गया। खेल गतिविधियों में अस्थि बाधित बालक बालिकाओं की पृथक-पृथक ट्राई साइकिल दौड़, बैसाखी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों का 50 मीटर दौड़, मानसिक मंदता वाले बच्चों का जलेबी दौड़, सॉफ्ट बोल थ्रो, श्रवण बाधित बच्चों का कुर्सी दौड़, मटका फोड़, अन्य दिव्यांग बच्चों का रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां आयोजित किये गए।

आयोजन में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने कहा कि कलेक्टर विनीत नंदनवार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों का खेलों के प्रति उत्साह एवं रुचि को देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है, समग्र शिक्षा के अंतर्गत इस आयोजन ने बच्चों की छुपी प्रतिभा को सामने लाया है, इन बच्चों को ऐसे ही स्पेशल चाइल्ड नही कहा जाता, इनमें विशेष प्रतिभा है। जिला मिशन समन्वयक एसएल सोरी ने कहा कि इस आयोजन में सम्मिलित दिव्यांग बच्चों के उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा है कि शासन की मंशानुरूप यह कार्यक्रम सफल रहा।

इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक परियोजना समन्वयक राजेन्द्र पांडेय, बुधराम कोवासी, सिकंदर खान, केशव सिंह, बीईओ एस रफीक, एबीइओबी भवानी पूनेम, आरसी जितेंद्र शर्मा, सभी बीआरपी अनुमेहा तिवारी, पूनम जयसिंघानी, विजय रजक, नारायण साहू, सक्षम अधीक्षक रमा कर्मा, प्रमोद कर्मा, मनीष साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## पॉलीथीन, गुटखा, खैनी, पान मसाला हटाकर की गई साफ-सफाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार एवं महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली द्वारा जारी आदेश एवं पुलिस महानिरीक्षक छग सेक्टर रायपुर द्वारा प्राप्त निर्देश में हरजिन्दर सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपुबल जगदलपुर के नेतृत्व तथा दिनेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी एवं अमरजीत गुप्ता उप कमाण्डेंट के पर्यवेक्षण में रेंज कार्यालय में बल द्वारा 1 से 15 दिसम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। जिसके तहत शहर में विशेष अभियान चलाकर पॉलीथीन, गुटखा, खैनी, पान-मसाला का प्रयोग नहीं करने एवं गंदगी न फैलाने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता लाने का प्रयास किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत रेंज कार्यालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविल बस अड्डा, गुरुद्वारा, भंगाराम चौक, अशोक वाटिका एवं आसपास के इलाकों में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया तथा लोगों में पोस्टर, बैनर के माध्यम से कचरा न फैलाने एवं स्वच्छता बनाए रखने के जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। कैम्प परिसर के आसपास एवं चिन्हित स्थानों पर विशेष साफ-सफाई का अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने अधिकारियों एवं जवानों को स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए उन्हें अपने परिवारों एवं लोंगों को स्वच्छता के बारे में प्रचार-प्रसार करके जागरूक करने स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा




■ 8 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं का नाम सूची बद्ध करने के निर्देश

आज जिला कार्यालय के शंखनी सभा कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आहूत की गयी थी।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि माप दण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने तथा जिले के मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में विभिन्न निर्देश दिये गये। बैठक में कहा इसके अलावा 1 जनवरी 2024 में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं का नाम सूचीबद्ध करने का कार्य इसी माह में पूर्ण करें, क्योंकि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत राज्य में फोटोयुक्त मतदाता सूची में 6 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने व संशोधित किये जायेंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि आगामी 1 जनवरी 2024 के लिए तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके लिए एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इसके अलावा मृत मतदाताओं का पंचनामा कर नाम हटाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ करें। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत ऐसे मतदाता जिनके पास एपिक कार्ड उपलब्ध नहीं है, उन्हें बूथ वार चिन्हांकित कर फार्म 8 भरवाने कार्यवाही युद्ध स्तर पर करें। इसके साथ ही बैठक में कहा गया कि अनुभागों का युक्तियुक्तकरण एवं मतदान केन्द्र की वर्तमान सीमाओं में परिवर्तन इस प्रकार करें, कि मतदान केंद्र मतदान क्षेत्र के हिसाब से समायोजित हो जाये तथा मतदाताओं की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होने पर, जहां तक संभव हो उसी परिसर में अनुभागवार मतदाताओं को स्थानांतरित कर समायोजित किया जाना चाहिए। लेकिन यदि उसी परिसर में व्यवस्था न हो तो नया मतदान केन्द्र बनाया जा सकता है। बैठक में तहसीलदार एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### कोण्डे के संकुल स्तरीय बैठक में कोचिंग की चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 16 दिसंबर शनिवार को संकुल स्तरीय बैठक कोण्डे में आयोजित किया गया। बैठक में नवोदय कोचिंग क्लास, एफएलएन, शाला त्यागी अप्रवेशी एवं शिक्षा गुणवत्ता पर जाति आय निवास संबंधीत पर चर्चा हुई। बैठक में संकुल प्राचार्य बाबुलाल कोमरे, बीआरसी लतीफ सोम, एचएम आंधेवाड़ा, दलसुराम नरेटी, सोम सिंह नरेटी, राधिका दरेन्द्र एवं संकुल के समस्त प्रधान अध्यापको की उपस्थित रहे।

### विधायक सावित्री से मिला साहू समाज



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत तहसील साहू समाज के द्वारा भानप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सावित्री मनोज मंडावी को विजयी होने पर बधाई दिया एवं साहू समाज दुर्गुकोंदल के लिए स्वीकृत भवन की राशी बढ़ाने के लिए विधायक से सकारात्मक चर्चा किया। साहू समाज से तहसील साहू समाज के सचिव अरुण कुमार साहू, उपाध्यक्ष अकबर साहू, कोषाध्यक्ष रामाधार साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक त्रिवेणी राम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष हमेश साहू दुर्गुकोंदल, गेंदलाल साहू कोंडे, शत्रुघन साहू सिलपट, पालन साहू, श्रवण साहू, पुरषोत्तम साहू, राधेश्याम साहू, खम्हन साहू, अकेश साहू, शिव साहू उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा जारी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 16 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई। संस्था की प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया है कि संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक के छात्राओं का अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई है। परीक्षा में कुल 240 छात्र छात्राएं शामिल हुए हैं।

### मंदले में 6 दिनी क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत करमाड आश्रित ग्राम मंदले रेंगाटोला में 6 दिवसीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच पराग बाई बढाई, सरपंच सिहारी के जयबती बिदेसिग कल्लो, ग्राम गायता रमेश कल्लो, सोमानू राम यादव, सूरज आचला, मोती राम उईके, चैनू राम आचला, सोहन उइके, जगनाथ आचला, अली राम उइके, क्छेरी राम उइके, संजय उइके एवं समस्त ग्राम वासियों उपस्थिति रहे।

### निधन

### फगनूराम गावड़े

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटगांव निवासी 90 वर्ष फगनूराम गावड़े का निधन 16 दिसबंर को दिन के 11 बजे हुआ, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खुटगांव के मुक्ति स्थल में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार उपस्थित रहे।



# छात्राओं को पढ़ाई- व्यापार और आत्मनिर्भरता की जानकारी दी

## कन्या महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुशल उद्यमशीलता हम कैसे बन सकते हैं, विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला में कई टिप्स दिए गए।

कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जेके बारले ने माँ सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीपिका शर्मा ने छात्रों को सरकार द्वारा संचालित उद्यमिता प्रोग्राम के बारे में बताते हुआ कहा कि आज के प्रतियोगी दौर में हर किसी को नौकरी मिलना कठिन होता है, इसलिए लोगों को बिजनेस करने का तरीका भी आना चाहिए। छात्राओं को पढ़ाई के बाद स्वयं का रोजगार बनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न टिप्स भी दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन फेसबुक इंडिया के ऑनर शाहनवाज खान ने सोशल मिडिया का इस्तेमाल करके हम किस तरह बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं, इसके बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दिया गया। आयोजकों ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ उद्यमशीलता की ओर भी सोचने की जरूरत है। कार्यकम के अंत में कार्यशाला में शामिल छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।



**शामिल हुए**

आयोजित कार्यकम में मनोज कुमार गोटी, योगराज साहू, महेन्द्र रजक, आरती मरकाम, रश्मि नाग, रीना बघेल, दीप्ति सोनी, माहेनूर सैयदा, अश्मना बघेल, गौरीशंकर बघेल सहित ऑफिस स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

**मनमानी :** डीओ कटने के बाद 7 दिनों के भीतर धान उठाना जरूरी होता, इस नियम का पालन नहीं हो रहा

# डीओ कटा फिर भी उठाव ठप, केंद्रों में धान खरीदी केंद्रों में बंद होने की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केंद्रों में भखम आवक बढ़ गई है केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। लेकिन खरीदी केन्द्र से धान के उठाव को लेकर स्थिति ठीक नहीं है। जिले के खरीदी केन्द्रों में डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) कटने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है। यहीं स्थिति रहीं आने वाले दिनों में केन्द्रों में जगह की कमी के चलते खरीदी बंद हो सकती है।जबकि धान उठाने के लिए डीओ भी कट गया है लेकिन राईस मीलर्स द्वारा धान उठाव नही किया जा रहा है जिससे खरीदी प्रभावित हो सकता है।

भारी मात्रा में धान छल्ली के वजह से धान खरीदी केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ा दी है। लेम्प्स के पदाधिकारियों का कहना है कि डीओ कटने के बाद से संचालक धान का उठाव नहीं कर रहा है। डीओ कटने के बाद 7 दिनों के भीतर धान उठाना जरूरी होता है यदि जल्द से जल्द धान का उठाव नहीं किया जाता है तो खरीदी प्रभावित हो सकता है। जानकारी के अनुसार अब तक विकासखंड के कच्चे धान खरीदी केंद्र में 1480 क्विंटल रानवाही में5550 केवटी में6000 आसुलखर 2800 क्विंटल धान उठाव के लिए डीओ कट कट गया है लेकिन राइस मिलों की उदासीनता के चलते धान का उठाव नहीं हो पा रहा है अलबत्ता खरीदी केंद्र प्रभारी स्टाफ एवं किसान भी परेशान हो रहे हैं।अब धान जाम होने के कारण दबाव की स्थिति बनने लगी है।

रानवाही के ऑपरेटर को कुत्ते ने काटा भानुप्रतापपुर स्थित रनवाही धान खरीदी केंद्र में इन दिनो भारी गहमा गहमी का माहौल बना हुआ है यहां पर किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी भी प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है वहीं शुक्रवार को धान खरीदी केंद्र के ऑपरेटर ताराचंद साहू को एक किसान के द्वारा लाए गए कुत्ते ने काट लिया तत्काल वहां के स्टाफ ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाया।





**प्रदेश की समृद्ध के लिए समय पर कार्य करें पूरा : भाजपा**

मोदी गारंटी योजना को लेकर भानुप्रतापपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता हेम प्रकाश शिवहरे एवं ज्वाला जैन ने कहा भाजपा द्वारा किए जन घोषणा पत्र में गांव, गरीब, किसान,महिला,युवा व बच्चों के चहमुखी विकास व प्रदेश को समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने के लिए घोषणा पत्र तैयार किया गया है। इसी के तहत समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी की जा रही है लेकिन धान का परिवहन नहीं होने के कारण क्षेत्र के उपार्जन केन्द्र में धान का अंबार लगने लगा है। उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में जगह का अभाव होने लगा है। नित नये टोकन धारी किसानों को अपना धान रखने एवं बेचने में परेशानी हो रही है। खरीद केंद्र प्रभारियों की भी परेशानी बढ़ गई है। वहीं मिलर्स का डीओ कटने के बाद भी धान उठाव नहीं हो रहा है उन्होंने मिलर्स को जल्द से जल्द धान उठाव करने की मांग की है।

# निजी हॉस्टल से लापता तीन छात्राएं झांसी यूपी से बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर में स्थित एक निजी स्कूल के हॉस्टल से शुक्रवार को तीन छात्राएं लापता हो गई। जिसकी खबर प्रशासन को लगते ही एक्टिव हो गई और तत्काल जांच में लिया वहीं पुलिस ने लगातार सीसीटीवी फुटेज एवं उनके दोस्तों से मिले जानकारी के लोकेशन के आधार पर अंततः तीनो छात्राएं को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस टीम ने दो छात्राएं को झांसी उत्तरप्रदेश से तथा एक छात्रा को मानपुर उसके निवास क्षेत्र से सकुशल बरामद किये जाने की पुष्टि की है।

तीनो छात्राओं को भानुप्रतापपुर लाया जा रहा है। ये तीनों छात्राएं क्यों यहां से गए?कहा जा रहे थे? किसके संपर्क में यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। बताया जा रहा है तीनों छात्राएं 10, 11 एवं 12 में कक्षा में अध्ययनरत है। पखांजूर कोइली बेड़ा और मानपुर क्षेत्र से पढ़ाई करने के लिए यहां के एक निजी स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करतीं हैं। अचानक तीनों छात्राएं बिना किसी को सूचना दिए चली गई जिससे हड़कम्प मच गया।

**घटना मोबाइल रखने का कारण हो सकती है**

एसडीओपी प्रशांत पैकरा ने बताया दो दिन पूर्व स्कूल में छात्राओं को मोबाइल चलाते देखे जाने पर संस्था के प्राचार्य द्वारा छात्राओं को पनिशमेंट करने की हिदायत देने के कारण छात्राएं काफी डर गई जिसके कारण ये छात्राएं हॉस्टल से फरार हो गई थी। उन्होंने बताया फिलहाल छात्राओं को सकुशल अपने कब्जे में ले लिया गया है भानुप्रतापपुर में लाकर उनसे पूछताछ करने के बाद ही पूरी घटना की जानकारी मिल पाएगी।

# व्यक्तित्व व राष्ट्र निर्माण में नैतिक शिक्षा अहम : सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोदग्राम कराठी में किया गया है! शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में नेहरू युवा केन्द्र कांकेर से व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया था! मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित गोविन्द सिन्हा ने समस्त शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु आह्वान किया! उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में नैतिक शिक्षा की अहम भूमिका होती है! लक्ष्य निर्धारण, पूर्वनियोजित योजना, समय प्रबंधन, एकाग्रता आदि टापिक पर व्याख्यान देते हुए मनोरंजक एक्टिविटी भी कराए! मुख्य वक्ता द्वारा शिविर दर्पण का विमोचन कर शिविर गतिविधियों की जानकारी ली गई। नेहरू युवा केन्द्र से उपस्थित लक्ष्मण दीपक ने भी शिविरार्थियों को संबोधित किया! अंग्रेजी विभागाध्यक्ष स्नेहा रितेश नाग द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं योगेशवरी कोसमा द्वारा आभार व्यक्त किया गया! परिचर्चा सत्र में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कुमार कोसमा, महादलनायक राजकुमार कुलदीप, उप महादलनायक अमृत कुमेटी, महादलनायिका अंजू पुरामे, उप महादलनायिका कृति नुरूटी, अनुशासन प्रभारी चंद्रशेखर ताम्रकार, चंदना रॉय, अवनी श्रीवास्तव, चांदनी राणा, अजय उसेण्डी, राहुल नेताम, अजय जाड़े, सुरेश आंचला आदि शिविरार्थी एवं ग्रामवासी सम्मिलित थे



# अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने 107 युवा जांजगीर रवाना

**कांकेर।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन जांजगीर चांपा जिले के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन में 20 दिसम्बर तक किया गया है। जिले के 107 युवा अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए जा रहे युवाओं को विधायक आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर भर्ती स्थल जांजगीर के लिए रवाना किया।

आयोजित रैली में शामिल होने के लिए जिले के 107 युवाओं को 3 बसों में 16 दिसबंर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर जिला रोजगार कार्यालय कोड़ेजुंगा से कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम एवं जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर जांजगीर के लिए रवाना किया गया। विदित हो कि अप्रैल माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 17 दिसम्बर को आयोजित होगी। इसमें शामिल होने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। उल्लेखनीय है कि युवाओं द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए कलेक्टर ने इसमें शामिल होने निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप उपस्थित 107 अभ्यर्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, साथ ही परीक्षा में सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दिया।

# अवैध रेत परिवहन में संलिप्त हाईवा जब्त, खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

- रायल्टी दस्तावेज नहीं मिला, हाईवा को थाने में रखा

विकासखंड चारामा क्षेत्र की रेत खदानों से अवैध रेत परिवहन की शुरूआत धड़ल्ले से हो रही है और उसे बचाने के लिए बालोद जिले के कई भाजपा नेता सक्रिय हो गए वहीं मीडिया के द्वारा वीडियों बनाए जाने और फोटो में वाहन को कैद किए जाने के चलते अधिकारियों को मजबूरी में कार्यवाही करना पड़ा।

नगर पंचायत चारामा से महज 2 किमी. की दूरी में लगा ग्राम भिरौद महानदी रेत खदान से अवैध ढंग से रेत परिवहन कर रही हाईवा की जानकारी खनिज विभाग को मिली। खनिज विभाग ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 16 दिसंबर शनिवार दोपहर को अवैध रेत से भरी हाईवा को दबोच लिया। मीडिया पहले से सक्रिय थी और दबोचे गए हाईवा का वीडियों वायरल होने लगा। खनिज विभाग ने दबोचे गए हाईवा वाहन क्रमाक सीजी 07 बी आर 3028 को जप्त कर थाना के सुपर्दगी में रखा। पुलिस ने बताया कि खनिज विभाग ने कार्यवाही करते हुए थाना में सुपर्दगी में रखा है। जप्त हुआ रेत से भरा हाईवा बालोद जिले की है और बालोद जिले के भाजपा नेता अवैध रेत परिवहन कर रही हाईवा को छुड़वाने के लिए सक्रिय हो गए। मामला मीडिया में आ जाने के कारण अधिकारी वाहन छोड़ने को तैयार नहीं हुए।

मीडिया इस वाहन पर नजर रखे हुए है कि अवैध रेत में पकड़ाई हाईवा को नियम के अनुसार छोड़ते है या दबाव में आकर मामूली पैनल्टी लगाकर वाहन को छोड़ा जाता है। चारामा क्षेत्र में ऐसी चर्चा बनी हुई है कि भाजपा सरकार को बने अभी कुछ समय ही हुआ है और भाजपा नेता अवैध रेत के परिवहन में सक्रिय हो गए है और अधिकारियों पर दबाव बनाकर हाईवा वाहन को छुड़वाने में लग गए थे। मीडिया में मामला आ जाने के कारण ही कार्यवाही हो गई, नहीं तो मामले के रफा दफा होने की संभावना बन सकती थी।

खनिज निरीक्षक दीपक तिवारी ने बताया कि चारामा क्षेत्र में वर्तमान में भिरौद व माहुद में दो ही रेत खदानें संचालित है, जिसमें भिरौद खदान से बिना रेत परिवहन पास के रेत भरकर हाईवा जा रही थी। हाईवा को पकड़कर दस्तावेज की माँग किया गया। दस्तावेज नहीं मिलने पर हाईवा पर कार्यवाही कर चारामा थाना के सुपुर्द में रखा गया है।



## राजीनामा प्रकरणों की मौके पर जानकारी दी गई

# नेशनल लोक अदालत पर विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

नेशनल लोक अदालत के के उपलक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन न्यायालय परिसर भानुप्रतापपुर में आयोजित किया गया जिसमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी.के. नीलम एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आनंद बोरकर,अधिवक्ता गढ़ निखिल ठाकुर, चंद्र कुमार काट्जहरी, राजेश तिवारी, होरीलाल यदू , एवं पीएलवी अरविंद कुमार सलाम, गुलशन दर्रो, पातीराम, सोहन नाग, पीयूष उपस्थित रहे।

न्यायाधीश जी.के.नीलम एवं आनंद बोरकर द्वारा धारा 138 के प्रकरणों में लोक अदालत में राजीनामा द्वारा कोर्ट फीस वापस होने के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या मे चैक बाउंस के प्रकरणो मे राजीनामा करने हेतु पक्षकारो से अपील की गई। लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, किराएदारी वाद, दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, बाट माप अधिनियम, कराधान प्रकरण। नगर पालिका वाद, मनोरंजन कर अधिनियम, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व, चकबंदी, श्रमवाद, जलकर, भवनकर, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल इत्यादि से संबंधित मामलों को निस्तारित कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त श्रम विभागए पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, स्टांप और पंजीकरण विभाग। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आबकारी विभाग एवं अग्निशमन विभाग सहित जिले के अन्य विभागीय अधिकारियों से लंबित वादों को निस्तारित कराने के लिए भी प्रेरित किया गया। विधिक शिविर में अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

अधिवक्ताओं द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, टोनी प्राताड़ना अधिनियम, जमीन विवाद से संबंधित वसीयत रजिस्ट्री, मध्यस्थ एवं सुला चेक बाउंस से संबंधित, वैवाहिक पारिवारिक/ विवाद सुखाधिकार, न्याय समझौता बिजली पानी बकाया, आपदा प्रबंधन क्षतिपूर्ति के संबंध न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्ष करो एवं अन्य ग्रामीण जनों को जानकारी दिया गया।



